an>

Title: Regarding setting up of new IIM in Bihar at Gaya.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं इस बात के लिए अपने आदरणीय प्रधान मंत्री जी और आदरणीय शिक्षा मंत्री, श्रीमती स्मृति ईरानी जी का धन्यवाद करना चाहता हूं कि उन्होंने पिछले वर्ष 2014 के बजट में बिहार प्रदेश को एक आई.आई.एम. दिया। लेकिन उसमें अभी परेशानी यह है कि बिहार के गया जिले में आई.आई.एम. की स्थापना होनी है, वहां राज्य का मगध विश्वविद्यालय है। उसके परिसर में जमीन मिलनी थी और उसी जमीन पर आई.आई.एम. की स्थापना होनी थी। लेकिन इसमें काफी विवाद उठ खड़ा हुआ है, उस विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ और अन्य लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। ये बातें वहां के स्थानीय अखबारों में भी आई हैं और काफी प्रयास हुआ कि वे जमीन दे दें, लेकिन अभी तक उसमें सफलता नहीं मिली है।

मेरा आपके माध्यम से सरकार को और माननीय शिक्षा मंत्री जी को एक सुझाव है कि उसी जिले में भारत सरकार की एक बहुत बड़ी जमीन है, जो रक्षा मंत्रालय की है, यह लगभग 1700 एकड़ जमीन है, जो सालों-साल से परती है। वहां रक्षा मंत्रालय की अनुमति से एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना भी हुई है, जिसमें 300 एकड़ जमीन उसे दी गई है। बाकी की लगभग 1400 एकड़ जमीन वहां अभी उपलब्ध है। वह जमीन भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की है, उसी जमीन का उपयोग करके आई.आई.एम. की स्थापना वहां हो जाए, यही मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं।